# यूपी बोर्ड अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2022-23

## कक्षा – 10

## विषय : चित्रकला

**समय: 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**निर्देश -** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

1. प्रश्न पत्र दो भागों में विभाजित है, भाग 1 व भाग ।। प्रथम भाग तीन खण्डों में विभाजित है। इनमें से खण्ड 'क' के तीनों भागों में से किसी एक के दस प्रश्न अनिवार्य है। खण्ड 'ख' के सभी प्रश्न हल करने हैं।
2. भाग ।। में खण्ड 'क' के 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण' अथवा 'आलेखन' अथवा 'प्राविधिक चित्रकला' में से केवल एक का ही चित्रण करना है।
3. खण्ड 'ख' से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर देने है।

## भाग- I (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**खण्ड 'क'** (अनिवार्य )

**प्राकृतिक दृश्य चित्रण** (प्रत्येक 1 अंक)

1. निम्नलिखित में से कौन प्राकृतिक दृश्य चित्रण नहीं है?

(a) वृक्ष (c) मकान
(b) नदी (d) पहाड़

2. निम्न में से किनका प्राकृतिक दृश्य चित्रण में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है?

(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (c) नन्दलाल बोस
(b) लाला लाजपत राय (d) सुभाष चन्द्र बोस

3. वातावरण के दूर के दृश्यों को चित्रण में प्राय: किस प्रकार दिखाया जाता है?

(a) स्पष्ट (c) हल्के रंगों में
(b) चटख रंगों में (d) धुँधले तथा अस्पष्ट

4. जहाँ आकाश और पृथ्वी मिलते नजर आते है अथवा क्षितिज पर धुँधला दिखाने के लिए किस रंग का प्रयोग किया जाता है?

(a) नारंगी रंग (c) हल्के बैंगनी रंग
(b) लाल रंग (d) सफेद रंग

5. किसके मिश्रण के प्रयोग से चित्रण में कहीं-कहीं छाया तथा धब्बे लगा देने से स्वाभाविकता आती है?

(a) क्रिमसन (c) नीला
(b) वर्न्ट साइना (d) ये सभी

6. झोपड़ियों के चित्रण में छप्परों को प्राय: किस रंग से दिखाया जाना चाहिए?

(a) लाल (c) नीला
(b) पीला (d) हरा

7. पानी वाले क्षेत्र के किस भाग को सफेद रंग से दिखाया जाता है?

(a) निकट वाले भाग को (c) सामने वाले भाग को
(b) दूर वाले भाग को (d) पीछे वाले भाग को

8. चित्रण में रंगों का चुनाव करने में किससे दृश्य में स्वाभाविकता आती है?

(a) रंगने से (c) सतर्कता से

(b) सोचने से (d) अस्पष्टता से

9. चित्रों में प्राय: किसे दर्शाने के लिए काले रंगों का प्रयोग किया जाता है?

(a) ऊँचाई (c) घर की छत

(b) गहराई (d) आसमान

10. प्राकृतिक दृश्यों के चित्रण में किससे दृश्य की स्वाभाविकता नष्ट होने की सम्भावना होती है?

(a) गलत रंगों के प्रयोग से (c) अस्पष्ट चित्रण से

(b) रंगों के बेमेल से (d) ये सभी

**अथवा**

**आलेखन** (प्रत्येक 1 अंक)

1. निम्नलिखित में से कौन प्रभावी आलेखन में सहायक होते हैं?

(a) अटूट रेखाएँ (c) रंग

(b) लयबद्ध रेखाएँ (d) ये सभी

2. आलेखन में कौन-सी शर्त आवश्यक नहीं है?

(a) लयपूर्णता (c) अस्पष्टता

(b) सुसज्जित व्यवस्था (d) प्रवाहमयी

3. आलेखन का वर्गीकरण किन आधारों पर किया जाता है?

(a) बनावट (c) स्पष्ट एवं अस्पष्ट

(b) सजावट (d) बनावट एवं सजावट

4. प्राकृतिक आलेखन किन प्राकृतिक उपादानों के संयोजन से निर्मित होते हैं?

(a) फूल (c) कलियाँ

(b) पत्तियाँ (d) ये सभी

5. प्राकृतिक रूपों को किस प्रकार के आलेखन में परिवर्तित किया जाता है ?

(a) सूक्ष्म (c) प्राकृतिक

(b) आलंकारिक (d) ज्यामितीय

6. ज्यामितीय आलेखनों में सामान्यत: किसका प्रयोग किया जाता है?

(a) सरल रेखा (c) बहुभुज

(b) चाप (d) ये सभी

7. सूक्ष्म आलेखन में किस पर विशेष ध्यान दिया जाता है?

(a) रंग पर (c) अलंकार पर

(b) आकार पर (d) सन्तुलन बनाने पर

8. आलेखनों में वर्तमान समय में कौन-सा आलेखन सर्वाधिक पसंदीदा है?

(a) ज्यामितीय (c) आलंकारिक

(b) सूक्ष्म (d) केन्द्रीय

9. मूल रंग को अन्य किस नाम से जाना जाता है?

(a) प्राथमिक (c) तृतीयक

(b) द्वितीयक (d) चतुर्थक

10. आलेखन के चित्रण में चित्र को ट्रेस करने के लिए किस पेन्सिल का प्रयोग किया जाना चाहिए?

(a) HB पेन्सिल (c) 4B पेन्सिल

(b) 2B पेन्सिल (d) 3B पेन्सिल

## अथवा

**प्राविधिक कला** (प्रत्येक अंक) 1

1. ज्यामितीय आलेखन में कौन-से कोण आलेखन 'परकार' की सहायता से नहीं किया जा सकता है?

(a) 225 (b) 37.5°

(c) 42° (d) 75°

2. ज्यामितीय निर्णय में एक रेखाखण्ड के कितने समान भाग किए जा सकते हैं?

(a) केवल दो (b) तीन

(c) कोई भाग नहीं (d) असंख्य

3. एक त्रिभुज के अन्त:वृत्त का केन्द्र होता है

(a) त्रिभुज की मध्यिकाओं का प्रतिच्छेद बिन्दु

(b) त्रिभुज के कोण अर्द्धकों का प्रतिच्छेद बिन्दु

(c) त्रिभुज का गुरुत्व केन्द्र

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

4. एक दिए गए वृत्त के अन्तर्गत वर्ग की रचना के चरण का सही क्रम हो सकता है

(i) पहले बिन्दुओं को दूसरे दो बिन्दुओं से मिलाइए।

(ii) इस व्यास का लम्ब अर्द्धक खींचकर वृत्त की परिधि पर दो अन्य बिन्दु ज्ञात कीजिए

(iii) वृत्त का एक व्यास मिलाइए और व्यास के सिरो पर दो बिन्दु प्राप्त कीजिए।

**कूट**

(a) (i), (ii), (iii) (c) (ii), (i), (iii)

(b) (iii), (ii), (i) (d) (iii), (i), (ii)

5. किसी वृत्त के तीन बिन्दुओं पर खींची गई स्पर्श रेखाओं से कौन-सा त्रिभुज बनेगा?

(a) समकोण त्रिभुज (c) समद्विबाहु त्रिभुज

(b) समबाहु त्रिभुज (d) निश्चित नहीं

6. एक आयत की लम्बाई तथा चौड़ाई क्रमश: 8 सेमी तथा 6 सेमी है। इस आयत के क्षेत्रफल के बराबर त्रिभुज की रचना करने के लिए त्रिभुज का तीसरा शीर्ष ज्ञात करने के लिए कहाँ से और कितनी दूरी पर चाप लगाया जाएगा, जबकि त्रिभुज की एक भुजा आयत का विकर्ण है?

(a) आयत के विकर्ण के मध्य बिन्दु से 9.6 सेमी की दूरी पर

(b) आयत के विकर्ण के शीर्षो से 5 सेमी की दूरी पर

(c) आयत की भुजाओं के मध्य बिन्दुओं से 5 सेमी की दूरी पर

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

7. एक ज्यामितीय आलेखन दो वृत्तों, जिनकी त्रिज्याएँ 5 सेमी व 3 सेमी हैं. तथा इन वृत्तों को अनुस्पर्श रेखाओं द्वारा बनाया गया है। इस आलेखन को बनाने के लिए वृत्तों के केन्द्रों के बीच की दूरी कितनी होगी, जबकि स्पर्श रेखा की लम्बाई 6 सेमी है?

(a) 8 सेमी (b) 2 सेमी

(c) 10 सेमी (d) 4 सेमी

8. वृत्त के चार बिन्दुओं पर खींची गई स्पर्शियों के प्रतिच्छेद बिन्दुओं से निर्मित आकृति क्या होगी, यदि सभी स्पर्श रेखाएँ परस्पर बराबर हैं?

(a) आयत (b) वर्ग

(e) समान्तर चतुर्भुज (d) समचतुर्भुज

9. ज्यामितीय निर्मेय में चाप लगाने के लिए प्रयोग की गई पेन्सिल की नोक होनी चाहिए

(a) मोटी (c) बारीक

(b) कागज पर फिसलने वाली (d) इनमें से कोई नहीं

10. किसी ज्यामितीय आकृति के एक कोण का अर्द्धक ज्ञात करने के लिए लगाए गए चापों की संख्या होगी

(a) दो (b) तीन

(c) चार (d) असंख्य

## खण्ड 'ख'

**स्मृति चित्रण** (प्रत्येक 1 अंक)

1. स्मृति चित्रण में व्यक्ति किसी वस्तु को कैसे पहचान पाता है?

(a) स्मृति चिन्तन द्वारा (b) स्मृति भण्डारण द्वारा

(c) मानव चित्रण द्वारा (d) प्राकृतिक चित्रण द्वारा

2. स्मृति चित्रण में चित्रकार की किस क्षमता में सुधार आता है?

(a) सोचने (b) रहने

(c) अभिव्यक्ति (d) स्वतन्त्रता

3. स्मृति चित्रण में किसका विशेष ध्यान रखा जाता है?

(a) संयोजन का (b) लय का

(e) वास्तविकता का (d) ये सभी

4. चित्रण में छाया और प्रकाश को दर्शाने के लिए सामान्यत: किस पेन्सिल का प्रयोग किया जाना चाहिए?

(a) 2B पेन्सिल (b) HB पेन्सिल

(c) 4B पेन्सिल (d) लाल पेन्सिल

5. स्मृति चित्रण के किस सिद्धान्त में पेन्सिल को पेन की तरह पकड़ा जाता है?

(a) नेत्र दशा (b) पेन्सिल पकड़ना

(c) रेखाओं को खींचना (d) चित्र में संयोजन

6. स्मृति चित्रण में बार-बार आँखों को बंद क्यों किया जाता है?

(a) गलतियों कम करने हेतु (b) रंगने हेतु

(c) बड़ा करने हेतु (d) संरचना को छोटा करने हेतु

7. वस्तुओं के प्रारम्भिक चित्रण में किसका प्रयोग किया जाना चाहिए?

(a) बड़ी रेखाओं का (c) हल्की रेखाओं का

(b) छोटी रेखाओं का (d) लाल रेखाओं का

8. स्मृति चित्रण में पीछे की वस्तुओं को किस रंग से सुसज्जित किया जाता है?

(a) गहरे रंगों से (b) हल्के रंगों से

(c) काले रंगों से (d) पीले रंगों से

9. स्मृति चित्रण विधि के अन्तर्गत किस आकार की चित्रण विधि लगभग समान होती है?

(a) वृत्त की (c) शंकु की

(b) आयत की (d) आयत एवं वर्ग की

10. वस्तु में शेड डालते समय मुलायम रबड़ का प्रयोग किया जाना चाहिए,जिससे

(a) चित्र स्पष्ट हो (c) रंग न उड़े

(b) चमक पर प्रभाव ना पड़े (d) कागज गंदा न हो

## भाग- II

## खण्ड 'क'

## प्राकृतिक दृश्य चित्रण

1. अपनी ड्राइंग शीट पर चारों ओर समान हाशिया छोड़ते हुए बीचो-बीच में 20 x 15 सेमी का एक आयत बनाइए इसे निम्नलिखित 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण' जल रंगों अयवा पेस्टल रंगों से तैयार कीजिए। चित्रांकन स्वच्छ, सुन्दर एवं प्राकृतिक होना चाहिए।

"सूर्योदय के समय का ग्रामीण दृश्य, झील के किनारे गाँव की झोपड़ियाँ, दूरी पर कुछ वृक्ष और झील में एक नौका।"

**चित्रांकन में निम्नलिखित बातों का ध्यान रखिए**

(अ) सही रेखांकन एवं परिप्रेक्ष्य

(ब) संयोजन

(स) सुसंगत रंगों का प्रयोग

(द) सामान्य प्रभाव

**अथवा**

**आलेखन**

16 सेमी भुजा के एक वर्ग में एक पूर्ण इकाई वाले मौलिक आलेखन की रचना कीजिए, जो किसी भारतीय पुष्प, उसकी पत्तियों एवं कलियों पर आधारित हो। आलेखन कपड़े की चादर पर छपाई के लिए उपयुक्त हो। आलेखन में तीन जल रंगों का प्रयोग कीजिए । आलेखन बनाते समय निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए

(अ) मौलिकता

(ब) संयोजन

(द) सामान्य प्रभाव एवं आकर्षण

(स) उत्तम रंग संगति

**अथवा**

**प्राविधिक कला**

**निर्देश - निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों की रचना कीजिए। आकृतियों में रेखाएँ स्पष्ट तथा साफ खींची जाएँ ।**

(अ) दी हुई त्रिज्या के वृत्त पर ऐसी दो बराबर स्पर्श रेखाओं की रचना कीजिए, जो वृत्त के बाहर एक-दूसरे के साथ 50° माप का कोण बनाती है।

**अथवा**

बराबर त्रिज्या वाले दो वृत्तों की सामान्य तिर्यक स्पर्शी की रचना कीजिए।

(ब) दो दी हुई असमान्तर रेखाओं क ख और ख ग को स्पर्श करते हुए कुछ ऐसे वृत्तों की रचना कीजिए जो एक-दूसरे को भी स्पर्श करें।

**अथवा**

2 सेमी और 3 सेमी त्रिज्या वाले दो वृत्त एक-दूसरे को स्पर्श करते हैं। इन वृत्तों की सामान्य अनुस्पर्शी की रचना कीजिए ।

(स) तीन वृत्तों की त्रिज्याएँ 1.5 सेमी, 2 सेमी और 3 सेमी हैं। इन वृत्तों को इस प्रकार खींचिए कि प्रत्येक वृत्त शेष दो वृत्तों को स्पर्श करें।

## खण्ड 'ख'

## स्मृति चित्रण

2. **निर्देश निम्नलिखित में से किसी एक की रचना कीजिए। आकृतियों में रेखाएँ स्पष्ट तथा साफ खींची जाएँ । चित्र 15 सेमी से छोटा न हो तथा एक निश्चित अनुपात में हो ।**

(अ) सुराही

(ब) एक प्लास्टिक की बाल्टी

(स) बन्द छाता

(द) पेड़ की डाली पर बैठा एक तोता